अशासन / 139 / 2014

संख्या–463 / 33–1–2014–28 / 08

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायतीराज,
उ0प्र0, लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग–1

लखनऊः दिनॉकः 21 मई, 2014

विषयः– ग्राम पंचायतों मे सफाई व्यवस्था हेतु सृजित सफाई कर्मियों के पदों को स्थाई किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

(1280)
अपर निदेशक (प्रशासन)

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–2 / 55 / 2013–2 / 34 / 08, दिनांक 10–01–2013 एवं पत्र संख्या–2 / शा0 / 468 / 2013–2 / 34 / भाग–2 / 08, दिनांक 03 दिसम्बर, 2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

निदेशक 22/5/14

श्री मिश्रा
उ0 ग्राम्य
22/5/14

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–322 / 33–3–2008–28 / 2008, दिनांक 01 मार्च, 2008 द्वारा प्रदेश में सफाई कर्मियों के वेतनमान रू0 2550–55–2660–60–3200 (संशोधित वेतनमान रू0 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 1800 / –) में सृजित कुल 1,08,848 अस्थाई पदों को शासनादेश निर्गत होने के दिनांक से स्थाई पदों में परिवर्तित किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3– उक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय–समय पर जारी किए गये आदेशों के अनुसार मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते, जो उन्हें अनुमन्य हों, भी देय होंगे।

4– मुझे यह भी कहना है कि उक्त अस्थाई पदों के स्थाई पदों में परिवर्तित हो जाने के फलस्वरूप संलग्नक के कालम–6 में शासनादेश संख्या–1146 / 33–1 2014–28 / 2008टीसी, दिनांक 15 अप्रैल, 2014 को, जिसमें इन पदों को वर्ष 2014 में दिनांक 28 फरवरी, 2015 तक अस्थाई रूप से चलते रहने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, इस सीमा तक संशोधित माना जायेगा कि उक्त पदों

.....2 / ....

की निरन्तरता केवल दिनांक 21..मई, 2014 तक के लिए ही दी गयी है।

4-- उपर्युक्त स्वीकृत पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के अनुदान संख्या-14 के "लेखाशीर्षक 2515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम-101 पंचायतीराज-14-पंचायतीराज संस्थायें-1401-सफाई कर्मचारी-01-वेतन-03-मॅहगाई भत्ते-06-अन्य भत्ते-49-चिकित्सा व्यय एवं अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक-2515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम-04-पंचायतीराज संस्थायें-0401-सफाई कर्मचारी-01-वेतन-03-मंहगाई भत्ता-06-अन्य भत्ते-49-चिकित्सा व्यय के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे" डाला जायेगा।

5-- प्रमाणित किया जाता है कि इन पदों का स्थाईकरण कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए-2-797 / दस-87-24(12)-86, दिनांक 25 मई, 1987 में निहित सभी शर्तों की पूर्ति के बाद किया जा रहा है।

6-- यह आदेश वित्त विभाग के उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 25-05-87 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

संख्याः-463(1) / 33-1-2014, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4- समस्त उपनिदेशक (पंचायत) उत्तर प्रदेश।
5- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2 / 3 उ0प्र0 शासन।
7- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग--1, उ0प्र0 शासन।
8- वित्त (लेखा) अनुभाग-2 उ0प्र0 शासन।
9- पंचायतीराज अनुभाग-2 / 3, उ0प्र0 शासन।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार)
अनु सचिव।

संलग्नक

शासनादेश संख्या–463 / 33–1–2014–28 / 2008, दिनांक 21-5-15 द्वारा पंचायतीराज विभाग के दिनांक .... से स्थायी किए गये पदों का विवरणः–

कम संख्या	पदनाम	स्थाई किए जाने वाले पदों की संख्या	स्वीकृत वेतनमान	शासनादेश संख्या तथा दिनांक जिसमें पद मूल रूप में सृजित हुआ था	शासनादेश संख्या तथा दिनांक जिसमें अंतिम बार पद के स्थायीकरण अथवा उसके बाद की तिथि तक उसका सातत्य स्वीकृत किया गया था	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	सफाई कर्मी	1,08,848	वेतनमान रू0 2550–55–2660–60 –3200 (संशोधित वेतनमान रू0 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 1800 / –)	कार्यालय ज्ञाप संख्या–322 / 33–3–2008–28 / 2008, दिनांक 01 मार्च, 2008	संख्या–1146 / 33–1–2013 –28 / 2008टीसी, दिनांक 15 अप्रैल, 2014 द्वारा 28 फरवरी, 2015 तक निरन्तरता की स्वीकृति	–

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव,
पंचायतीराज विभाग।